हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 29 जनवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 सकल सवर्ण समाज ने किया यूजीसी एक्ट का विरोध



08 अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम काटने पर बवाल...



## खबर संक्षेप

### 30 को भोपाल में राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव

**विदिशा।** प्रदेश में फूलों की व्यावसायिक खेती को प्रोत्साहित करने और किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से 30 जनवरी को भोपाल स्थित शासकीय गुलाब उद्यान में राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में पुष्प उत्पादक किसान, पुष्प विशेषज्ञ, नर्सरी व्यवसाय से जुड़े उद्यमी तथा पुष्प उत्पादक संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे। पुष्प उत्पादन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उन्नतशील किसानों एवं पुष्प प्रसंस्करण से जुड़े उद्यमियों को पुरस्कृत किया जाएगा। सहायक संचालक उद्यान एसएल सोलंकी ने पुष्प उत्पादकों से अपील की है कि वह पुष्प महोत्सव में सहभागिता करें।

### राजकुमार शर्मा को मिला सम्मान

**विदिशा।** तहसील कार्यालय नटेरन में पदस्थ वरिष्ठ कानूनगो राजकुमार शर्मा को जिला कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य और निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट के लिए जिला स्तर सम्मानित किया। लोकतंत्र लोकत्सव भारत पर्व के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में यह सम्मान दिया गया। इस अवसर जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। राजकुमार शर्मा को गुर्जर गौड़ समाज के वरिष्ठ सदस्य भगवती प्रसाद शास्त्री, योगेंद्र प्रसाद शास्त्री, मनमोहन शर्मा, राघवेंद्र उपाध्याय, प्रकाश जोशी, अरविंद जोशी, श्याम कौशिक ,श्याम मोहन शर्मा एवं अनेक सामाजिक पदाधिकारी ने बधाई दी है।

### बाल विवाह मुक्ति अभियान की शुरुआत

**विदिशा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन द्वारा 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह मुक्ति रथ का भव्य शुभारंभ किया गया। इस रथ को जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल, विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे एवं महिला बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### ग्यारसपुर में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित

**ग्यारसपुर।** वन परिक्षेत्र में मध्य प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड की पहल पर अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव और उप वन मंडलाधिकारी हिमांशु त्यागी के मार्गदर्शन में हुआ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानोरा के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत देवी सरस्वती पूजा, सरस्वती वंदना और वन्देमातरम से हुई। भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर राजीव श्रीवास्तव एवं अखलेश खरे ने पर्यावरण, वन्यजीव और वन विभाग की महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्टेशनरी, कैप और अनुभूति किट भी वितरित की गई। अंत में वन सुरक्षा की शपथ दिलाई गई और सफल बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### 90 बालिकाओं को दिया आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिला पुलिस कंट्रोल रूम में शौर्य दल का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शौर्य दल से जुड़ी 90 बालिकाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान बाल संरक्षण, जेंडर संवेदनशीलता, जीवन कौशल, करियर काउंसलिंग और व्यक्तिगत सुरक्षा पर जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बालिकाओं को आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### 8 अरब 60 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है कोठा बैराज, मंत्री ने दिए निर्देश

# कोठा बैराज पहुंचे जल संसाधन मंत्री सिलावट, अब हर माह करेंगे समीक्षा

***कोठा बैराज परियोजना से विदिशा जिले के कुरवाई तहसील के 77 ग्रामों की 20.822 एवं गंजबासौदा तहसील के 6 ग्रामों की 1,650 कुल 22,272 हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली द्वारा रबी सिंचाई की जा सकेगी, जिससे कुल 83 ग्रामों के 25 हजार 500 किसान लाभांवित होंगे। परियोजना से पेयजल हेतु 8.8 मिली घन मीटर जल आरक्षित है।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा/कुरवाई

जलसंसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बुधवार को कुरवाई में बन रहे कोठा बैराज परियोजना के कार्यों का जायजा लिया।

मंत्री श्री सिलावट ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोठा बैराज का पूरा काम तय समय पर पूरा किया जाए। काम करने में कहीं कोई दिक्कत आती है तो बिना देर किए अवगत कराने संबंधितों अधिकारियों को निर्देश दिए। जलसंसाधन मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश में सिंचित रकबा बढ़ाने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप आगामी 2 साल में 100 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की तमाम बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति सुनिश्चित कराए जाने का लक्ष्य राज्य सरकार ने रखा है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में राज्य सरकार पैसों की कमी नहीं होने दे रही है। उन्होंने बताया कि कोठा बैराज में अब तक पूर्ण कराए गए 83% प्रतिशत काम का भुगतान हर स्तर पर किया जा चुका है। चाह वह समाग्रियों, उपकरणों का हो या विभिन्न प्रकार की मजदूरी हो। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संकल्प को विभाग समयावधि में पूरा करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कोठा बैराज परियोजना पूरी हो जाने पर सिंचित रकबा ही नहीं बढ़ेगा बल्कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति के भी प्रबंध होंगे। किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी हो इसके लिए परियोजना के माध्यम से 3 फसल एक साल में आसानी से ले सकेंगे। रोजगार के अनेकों संसाधनों को बढ़ावा मिलेगा। कोठा बैराज परियोजना अंतर्गत सभी 17 गेट स्थापित कर लिए गए हैं। पंप हाउसों का निर्माण भी अंतिम चरण में है, जिसमें पंप हाउस क्रमांक 1 का 80% और क्रमांक 2 का 90% कार्य पूरा हो चुका है।

पंप हाउस क्रमांक 1 से लगभग 4225 हेक्टेयर और क्रमांक 2 से 6483 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई संभव होगी। मंत्री ने पंप हाउस 3 और 4 के निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना का फाउंडेशन 99% और पाइपलाइन बिछाने का कार्य 75% पूरा हो चुका है।



**विदिशा।** परियोजना के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट।

#### केन बेतवा लिंक परियोजना से लाभ

अंतर्गत कोठा बैराज परियोजना विदिशा जिले की कुरवाई तहसील के ग्राम कोठा के समीप निर्माणाधीन है। कोठा बैराज परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति 515 .18 करोड़ रुपए एवं पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति राशि 860 .07 करोड़ की प्रदान की गई है।

## यूजीसी कानून के विरोध में सड़क पर आया सवर्ण समाज

### रैली निकालकर पीएम व राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन



**विदिशा।** प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया।

**प्रदर्शन में विभिन्न समाज की महिलाएं भी शामिल हुई, कहा: बच्चों का भविष्य भी खतरे में आ जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

यूजीसी के नए नोटिफिकेशन के विरोध में सवर्ण समाज, करणी सेना और राजपूत समाज ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने इस कानून को सवर्ण समाज के लिए घातक बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया यह यूजीसी कानून सामान्य वर्ग, ओबीसी और एससी-एसटी वर्ग के बीच मतभेद पैदा करेगा। उनका आरोप है कि इससे समाज में विवाद की स्थिति बनेगी और लोगों को आपस में लड़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने बताया कि इस कानून से सवर्ण समाज के बच्चों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और वे कानूनी रूप से कमजोर होंगे। महिलाओं ने विशेष रूप से कहा कि यह कानून न केवल उनके वर्तमान को प्रभावित कर रहा है, बल्कि उनके बच्चों के भविष्य को भी खतरे में डाल रहा है, जिसके कारण वे सड़कों पर उतरने को मजबूर हुई हैं।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस यूजीसी नोटिफिकेशन को वापस नहीं लिया तो पूरे देश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### करमेडी गांव में गोवंश अवशेष मामले में पांच आरोपी किए गिरफ्तार

**शमशाबाद।** करमेडी गांव में गाय के अवशेष मिलने के मामले में पुलिस ने हुए 24 घंटे के भीतर 5 आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गोवंश हत्या अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी टीआई वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपी करमेडी, बरुआखार, रामपुरा खुर्द और सांगुल गांव के निवासी हैं। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

## शहनाई गार्डन में होगा रघुवंशी समाज का परिचय सम्मेलन और कॅरियर काउंसलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

■ परिचय सम्मेलन के लिए शहर के कई हिस्सों में जनसंपर्क।

रघुवंशी समाज का पहला जिला स्तरीय युवक-युवती परिचय एवं कॅरियर काउंसलिंग सम्मेलन 1 फरवरी को शहनाई गार्डन में होगा। जिसमें जिलेभर से लगभग 1 हजार से अधिक समाजजन भाग लेंगे।

समाज के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि घर-घर संपर्क अभियान के तहत समाज के सदस्यों को सम्मेलन के महत्व और स्वरूप की जानकारी दी जा रही है। यह कार्यक्रम परिचय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें कैरियर काउंसलिंग भी शामिल होगी। विशेषज्ञ शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, सरकारी-निजी नौकरियों, स्वरोजगार एवं तकनीकी-व्यावसायिक क्षेत्रों में मार्गदर्शन देंगे। मोहर सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने शंकरनगर, मुखर्जीनगर समेत अन्य क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क कर समाजजनों से परिवार सहित सम्मेलन में भागीदारी का आग्रह किया। यह सम्मेलन युवाओं को संस्कार, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

### ओलावृष्टि से किसानों की फसलें तबाह, क्षेत्र में हुआ भारी नुकसान

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर तहसील के अधिकांश गांवों में मंगलवार की देर रात 11 बजे से 1 बजे तक तेज बारिश के साथ हुई। ओलावृष्टि से बर्री धामनोद, दैयरपुर, बासादेही, हरहरखेड़ी और बसुरिया गांव सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। दैयरपुर निवासी किसान प्रमोद लोधी की 5 बीघा चने की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। वहीं कल्याण सिंह लोधी और सीताराम लोधी की 10 बीघा मसूर की फसल बर्बाद हो गई। बर्री धामनोद के प्रहलाद सिंह लोधी की 10 बीघा मसूर और करन सिंह लोधी की 5 बीघा चने की फसल चौपट हो गई। अचानक आई इस आपदा से किसान चिंतित हैं। किसानों ने शीघ्र सर्वे कराकर मुआवजे की मांग की है।

## जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने सुनी जनसमस्याएं कहा: सर्वे में अनियमितताएं बर्दाश्त नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने बुधवार को जनसुनवाई में हितग्राहियों की समस्याएं सुनीं। कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया।

शेष मामलों में अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। स्वास्थ्य संबंधी कारणों से जनसुनवाई सीमित समय तक ही हुई। प्रेस को जारी बयान में श्री रघुवंशी ने बताया कि वे विगत डेढ़ माह से साइटिका की गंभीर समस्या से पीड़ित हैं और चिकित्सकों ने उन्हें पूर्ण विश्राम की सलाह दी है। इसके बावजूद जनसेवा के संकल्प के चलते वे जनसुनवाई में उपस्थित हुए। अत्यधिक शारीरिक कष्ट के कारण वे केवल 2 घंटे ही बैठ सके। बीती रात जिले के कई ग्रामों में हुई ओलावृष्टि पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि इस आपदा की घड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष और पूरी टीम किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओलावृष्टि सर्वे पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाए। श्री रघुवंशी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि मुआवजे या सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## शिक्षकों से मारपीट का मामला: आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर



शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया जागीर में पदस्थ शिक्षकों के साथ मारपीट के मामले में बुधवार को शिक्षकों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की।

20 जनवरी को सुबह करीब 11:30 बजे शिक्षक प्रदीप त्रिवेदी एवं बाबूलाल अहिरवार विद्यालय के बाहर शासकीय कार्य कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम निवासी कपिल घोषी जो स्कूल के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करता है, शराब के नशे में विद्यालय परिसर में पहुंचा और जातिसूचक गालियां देते हुए दोनों शिक्षकों के साथ मारपीट करने लगा। बीच-बचाव करने आए अन्य शिक्षक एवं बच्चों के साथ भी अभद्रता की गई, जिससे विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई। घटना में शिक्षक बाबूलाल अहिरवार को गंभीर चोट आई। पुलिस थाना हैदरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से शिक्षकों में रोष है। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## विधायक ने ओला प्रभावित गांवों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



**विदिशा।** अधिकारियों के साथ फसलों का निरीक्षण करते हुए विधायक टंडन।

मंगलवार रात हुई ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की समस्याओं को जानने बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विधायक मुकेश टंडन ने प्रभावित गांवों का दौरा किया।

उन्होंने ओला प्रभावित ग्रामों में रात में ही फोन पर जानकारी ली। वहीं बुधवार सुबह से स्वयं मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। विधायक ने हरुखेड़ी, लश्करपुर, खैरुआ तथा गुलाबगंज क्षेत्र के हथियाखेड़ा, पटवारीखेड़ी, खिरिया, मूडरा, गणेशपुर, तेवरी और सिमराहर सहित कई गांवों का निरीक्षण किया। इस दौरान विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा, ग्रामीण तहसीलदार अजय पाठक, ग्यारसपुर एसडीएम शशि मिश्रा, गुलाबगंज तहसीलदार पलक पीडिया सहित राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि इस कठिन समय में भाजपा सरकार किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान से चर्चा हो चुकी है, जिनके निर्देश पर प्रारंभिक सर्वे शुरू कर दिया गया है। दो दिनों में वास्तविक नुकसान का आकलन सामने आएगा और शासन स्तर से किसानों को उचित बीमा व मुआवजा दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

## मृत पति की पेंशन पर अधिकार को लेकर मिला संरक्षण सालों पुराने विवादों का पुलिस पंचायत में हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



घुटनों की गंभीर तकलीफ के बावजूद ऊपर के कमरे में रहने को मजबूर बुजुर्ग दंपती को पुलिस पंचायत के माध्यम से न्याय और सम्मान मिला। वहीं अपने मृत शासकीय कर्मचारी पति की पेंशन पर अधिकार को लेकर परेशान वृद्धा को भी पुलिस पंचायत में उचित समाधान प्राप्त हुआ।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक बुधवार को एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे की उपस्थिति में संपन्न हुई। सीनियर सिटीजन आवेदिका द्वारा शिकायत की गई कि उनके शासकीय कर्मचारी पति की मृत्यु के पश्चात मिलने वाली पेंशन ही उनके जीवन यापन का एकमात्र साधन है, किंतु उनका पुत्र पेंशन निकालने के दौरान बैंक साथ जाता है तथा पेंशन पर अनुचित रूप से अधिकार जमाता है। सुनवाई के दौरान पुत्र द्वारा यह तर्क दिया गया कि वह अपनी माँ को पेंशन का गलत उपयोग करने से रोकने का प्रयास करता है। पुलिस पंचायत द्वारा दोनों पक्षों को विधिक प्रावधानों की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया गया कि शासकीय सेवा से अर्जित पेंशन पर वैधानिक अधिकार केवल कर्मचारी एवं उसकी पत्नी तक ही सीमित होता है, पुत्र का इस पर कोई अधिकार नहीं है। पंचायत द्वारा यह भी बताया गया कि आवेदिका के मकान एवं आय पर पूर्ण अधिकार उनका स्वयं का है तथा किसी प्रकार का अनावश्यक हस्तक्षेप अनुचित है। पंचायत की समझाइश एवं मार्गदर्शन के पश्चात पुत्र ने अपनी गलती स्वीकार की।

#### गिरवी रखी चांदी को लेकर वर्षों पुराना विवाद समाप्त

विदिशा निवासी एक वरिष्ठ नागरिक द्वारा शिकायत की गई कि उनके द्वारा लगभग 1 किलो 350 ग्राम चांदी एक व्यक्ति के पास गिरवी रखी गई थी, जिसे वह चांदी के भाव बढ़ जाने के कारण वापस करने से इंकार कर रहा है। पुलिस पंचायत में दोनों पक्षों की उपस्थिति में सुनवाई की गई। आवेदक द्वारा स्वीकार किया गया कि चांदी के एवज में 90 हजार की राशि देना शेष है। अनावेदक द्वारा उक्त राशि प्राप्त होने पर चांदी लौटाने पर सहमति व्यक्त की गई। इस प्रकार पंचायत के परामर्श से वर्षों पुराने गिरवी विवाद का सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया।

## कांग्रेस सेवादल का नवसृजन संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ



**विदिशा।** जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा नवसृजन संकल्प के तहत आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन निर्माण और मजबूती पर जोर दिया गया। प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक अवनीश भार्गव ने संगठन को मजबूत करने, अनुशासन और जनसेवा के महत्व पर कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सेवादल जनहित और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगा। जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने भाजपा की फूट डालो, शासन करो की नीति का विरोध किया। सम्मेलन में 24 युवाओं को सेवादल की सदस्यता भी दिलाई गई। प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा, अनुमा आचार्य, कमल सिलाकारी, आनंदप्रताप सिंह, सुभाष बोहत, रणधीर सिंह, मनोज कपूर, पंकज जैन, रवि साहू, जिला संगठक रामराज दांगी मौजूद रहे।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3750
उच्चतम भाव-6550
सरसों
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-7200
चना
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-5696
मसूर
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6210
ज्वार
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-7610
मक्का
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-1750
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3732
धान
न्यूनतम भाव-1415
उच्चतम भाव-4075
धनिया
न्यूनतम भाव-8340
उच्चतम भाव-8510
उड़द
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6500
गेहूं
न्यूनतम भाव -1850
उच्चतम भाव- 3200
बटरी
न्यूनतम भाव-3330
उच्चतम भाव-4450

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 14492 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### हेमंत फोटोग्राफर बने एसोसिएशन अध्यक्ष



**गंजबासौदा।** बुधवार दोपहर श्री शीतला शक्ति धाम मंदिर धर्मशाला में फोटोग्राफर एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए। इन चुनावों में हेमंत पटेल को अध्यक्ष और चंद्र प्रकाश पटेल को सचिव चुना गया। मतदान प्रक्रिया दोपहर 1 बजे तक चली, जिसके बाद मतगणना की गई। अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे। जिनमें हेमंत पटेल, विशाल रघुवंशी और वीरेंद्र रघुवंशी। मतगणना के बाद हेमंत पटेल को सर्वाधिक 53 वोट मिले, जबकि विशाल रघुवंशी को 50 वोट प्राप्त हुए। तीसरे उम्मीदवार वीरेंद्र रघुवंशी को मात्र एक वोट मिला। हेमंत पटेल ने यह चुनाव तीन वोटों के अंतर से जीता। इसी तरह, सचिव पद के लिए चंद्र प्रकाश पटेल और विकास सागर के बीच मुकाबला था। मतदान के बाद चंद्र प्रकाश पटेल ने 74 वोट हासिल किए, जबकि विकास सागर को 30 वोट मिले। चंद्र प्रकाश पटेल ने 44 वोटों के बड़े अंतर से सचिव पद पर जीत दर्ज की। विजेता अध्यक्ष हेमंत पटेल ने बताया कि फोटोग्राफर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किया जाएगा। चुनाव में बड़ी संख्या में फोटोग्राफर अपना मतदान करने के लिए पहुंचे।

# सकल सवर्ण समाज ने किया यूजीसी एक्ट का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा





सकल सवर्ण समाज ने बुधवार को यूजीसी एक्ट के विरोध में एक रैली निकाली और राष्ट्रपति के नाम एसडीएम संतोष बिटौलिया को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में समाज ने इस एक्ट को 'काला कानून' बताते हुए इसे वापिस लेने की मांग की। यह रैली शाम 4 बजे बरेठ रोड से शुरू होकर जयस्तंभ चौराहे पर पहुंची। चौराहे पर समाज के सदस्यों ने यूजीसी एक्ट के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इसे तत्काल वापिस लेने की मांग की। विरोध प्रदर्शन के बाद, रैली तहसील परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंची। जहां समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम संतोष बिटोलिया को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि यह एक्ट विद्यार्थियों के बीच भेदभाव पैदा करेगा। समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि यह कानून सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों पर कानूनी शिकंजा कसने का प्रयास है, जिससे वे शैक्षिक जीवनकाल में खुद को उपेक्षित महसूस करेंगे। समाज ने आशंका व्यक्त की कि यदि यह बिल लागू होता है, तो यह समाज में जातिगत भेदभाव बढ़ाएगा और विश्वविद्यालयों को राजनीति का अड्डा बना देगा। समाज समानता में विश्वास रखता है और सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। विरोध प्रदर्शन के दौरान यह भी घोषणा की गई कि यूजीसी एक्ट के विरोध में 1 फरवरी को गंज बाजार सहित पूरे शहर को बंद रखा जाएगा। समाज ने सरकार से इस एक्ट को वापस लेने की मांग दोहराई।

# दुकान में रखकर अवैध शराब की बिक्री, महिलाओं ने खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा

पिछले कई महीनों से नगर के समीप ग्राम रजोदा स्थित नवीन न्यायालय के करीब 200 मीटर आगे दुकान में रखकर अवैध रुप से शराब बेची जा रही है। अवैध रुप से बेची जा रही शराब को लेकर ग्राम की महिलाओं ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए मोर्चा खोल दिया। महिलाओं ने प्रदर्शन के दौरान बताया कि ग्राम बेधड़क अवैध रुप से शराब का विक्रय हो रहा है जबकि कुछ ही दूर न्यायालय मौजूद है। महिलाओं का कहना है कि खुलेआम एवं आसानी से मिल रही अवैध शराब से ग्राम के युवा शराब के आदी होकर अपना जीवन बर्वाद कर रहे हैं। जिससे कई परिवार बर्वादी की कगार पर पहुंच गए हैं। महिलाओं का कहना है कि 26 जनवरी को भी गांव में अवैध रुप से शराब बेची गई। महिलाओं ने प्रशासन से अवैध शराब के विक्रय पर रोक लगाने की मांग की है।

## खेतों में बारिश से चना-गेहूं को लाभ, धनिया-सरसों को नुकसान

# नगर सहित आसपास के इलाके में पूरी रात रुक-रुक कर हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा







नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को देर रात मौसम ने अचानक करवट ली और कभी तेज तो कभी हल्की बारिश का दौर शुरु हो गया जो घण्टों तक चलता रहा। तेज हवा के साथ हुई बारिश से रेलवे स्टेशन के पास लगा एक पेड़ टूट गया। अचानक हुई बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई। जिसके चलते बुधवार को सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा और तेज हवाएं चलती रहीं, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। दिन भर ठण्डी हवा चलने से आमजन को सर्दी का अहसास होता रहा। बारिश से किसानों को फसलों पर मिले-जुले असर की उम्मीद है। इलाके के किसानों का कहना है कि चना और गेहूं की फसल को इस बारिश से कोई नुकसान नहीं हुआ है, बल्कि थोड़ा लाभ ही मिलेगा। हालांकि, धनिया और सरसों की फसल को बारिश के कारण नुकसान की आशंका है। तेज हवा के साथ हुई बारिश से गेहूं और सरसों की फसल आड़ी हो गई है, जिससे किसानों की फसलों में नुकसान दिखाई दे रहा है। किसानों का कहना है कि सिर्फ धनिया की फसल में ही हल्का नुकसान देखने को मिला है। बारिश के बाद मौसम में ठंडक काफी बढ़ गई है। पिछले तीन-चार दिनों से ठंड कम हो रही थी, लेकिन अब घना कोहरा और ठंडी हवाएं चल रही हैं। इसके चलते लोग घरों में दुबके हुए हैं और सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।

वहीं नगरीय क्षेत्र में नागरिक टोपा, जर्किन सहित अन्य गर्म कपड़ों के साथ गर्म पेय पदार्थों का सेवन करते देखे गए।

# बजरंग दल की जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा

बजरंगदल के तत्वावधान में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। कबड्डी खेल में जिले के अंतर्गत आने वाले प्रखण्ड लटेरी, कुरबाई, सिरोंज, बासौदा 1 और बासौदा 2 तथा गमाकर की टीम ने कबड्डी में भाग लिया, जिसका फाइनल मुकाबला बासौदा 1 और सिरोंज के बीच हुआ, जिसमें बासौदा 1 विजय हुई। विजेता और उपविजेता टीम को पुरूस्कार दिये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होता है शरीर में स्फूर्ति आती है, खेल भावना से परस्पर प्रेम भी बढ़ता है, इसलिए इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। इस दौरान विहिप प्रांत गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल, चंद्रभान सिंह बघेल, सुरेन्द्र राजपूत, नितिन सक्सेना, मुकेश सेन, नारायण सोनी, सत्यम दुबे , जगदीश शाक्य, अन्नू यादव, भजन प्रजापति, अतुल ठाकुर, सौमित्र तिवारी, विजय शर्मा, संजय सिलावट सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा



शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक परिदृश्य में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ। उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के अंतर्गत प्रथम दिवस को उद्घाटन एवं दो तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के संयुक्त संचालक डॉ. उत्तम सिंह चौहान, लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राम सुमेर यादव मुख्य अतिथि के रूप में, शासकीय पीएमश्री महाविद्यालय सीहोर के डॉक्टर रोहिताश शर्मा, शासकीय महाविद्यालय गुलाबगंज के प्राचार्य डॉक्टर मणिमोहन मेहता, राष्ट्रीय लाल बहादुर संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के प्राध्यापक डॉक्टर सुंदर नारायण झा, सांची विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के डीन डॉक्टर नवीन मेहता, सांची विश्वविद्यालय से डॉ. देवेंद्र सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार एवं इस कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर बालकृष्ण प्रजापति उपस्थित रहे। प्राचार्य द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया एवं कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर बालकृष्ण प्रजापति द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉक्टर उत्तम सिंह चौहान द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक परिदृश्य में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर बीज वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। उनके द्वारा समग्रता के साथ ऋग्वेद की ज्ञान परंपरा से प्रारंभ करते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परंपरा की आवश्यकता और भविष्य निर्माण में उसकी भूमिका को रेखांकित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रामसुमेर यादव ने भारतीय ज्ञान परंपरा में संस्कृत भाषा की योगदान और उसकी आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र का संचालन मनीष दुबे ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राम सुमेर यादव, डॉ. रोहिताश शर्मा उपस्थित रहे। इस सत्र में पांच शोधार्थियों ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस सत्र का संचालन डॉक्टर सुनील पाटीदार ने किया।

द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर मणिमोहन मेहता एवं अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर सुंदर नारायण झा उपस्थित रहे। इस सत्र में भी पांच शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र का संचालन सबिहा मंसूरी द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र एवं दोनों तकनीकी सत्रों में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर सुमनलता गुप्ता, डॉ. विजय शाक्य, डॉ. सरिता घेंघट, डॉ. कंचन वैद्य, घनश्याम चौकसे, अभिषेक सिंह, डॉ. चंद्रशेखर राजपूत, शिवानी गौड़, डॉ. पवन जैन, नीलेश नामदेव, डॉ. सपना श्रीवास्तव, अर्चना चौधरी, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, सुधा पाठक, डॉ. आर डी जाटव, डॉ. मधु विजय, नीलेश शाक्य, कमलेश बकारिया, डॉ. दिलीप गुप्ता, पीके दुबे, सौरभ विश्वकर्मा, हरि शंकर सैनी, योगेश शिल्पकार सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में लगभग 150 से अधिक छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा

बुधवार को ग्राम रजोदा में एक खेत में फसल को जानवरों से बचाने के लिए फेंसिग में किसान द्वारा करंट फैलाया गया था। उस करंट की चपेट में आने से शेर सिंह अहिरवार उम्र 30 वर्ष की मौत हो गई। जिसकी जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और सूचना देहात थाना पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए भेजा एवं मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पीएम पश्चात शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। जिसका परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## ऑफिसर्स स्पोर्ट्स क्लब में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# स्वयं के बदलाव से होगा संस्कारित समाज का निर्माण संभव: श्वेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरोंज







समाज में सकारात्मक बदलाव के उद्देश्य से गिलहरी अभियान एक छोटा सा प्रयास फाउंडेशन द्वारा तहसील परिसर स्थित ऑफिसर्स स्पोर्ट्स क्लब में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह अभियान केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज को जागरूक करने और नागरिक कर्तव्यों की याद दिलाने वाला एक सशक्त प्रयास सिद्ध हुआ। नेतृत्व फाउंडेशन की संस्थापक श्वेता आनंद त्यागी ने किया।

उनके मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और सेवा-भाव के साथ श्रमदान किया। कार्यक्रम के दौरान स्पोर्ट्स क्लब के अंदर एवं आसपास वर्षों से जमी गंदगी को हटाया गया। फर्श, बैठने की व्यवस्था, प्रवेश मार्ग तथा खुले स्थानों की व्यापक सफाई की गई। गिलहरी अभियान का नाम अपने आप में गहरा संदेश समेटे हुए है। जैसे रामसेतु निर्माण में गिलहरी के छोटे-छोटे प्रयास भी महत्वपूर्ण थे, वैसे ही यह अभियान यह संदेश देता है कि हर व्यक्ति का छोटा योगदान भी समाज निर्माण में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। श्रमदान कर स्वयंसेवकों ने यह सिद्ध कर दिया कि समाज की समस्याओं का समाधान केवल शिकायतों से नहीं, बल्कि सक्रिय सहभागिता से संभव है।

### स्वयंसेवकों ने किया उत्साह से श्रमदान

इस अवसर पर श्वेता आनंद त्यागी ने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि बदलाव की शुरुआत हमें स्वयं से करनी होगी। यदि हर नागरिक अपने आसपास की जिम्मेदारी ले ले, तो स्वच्छ, स्वस्थ और संस्कारित समाज का निर्माण स्वतः हो जाएगा। गिलहरी अभियान इसी सोच का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल दर्शक न बनें, बल्कि समाज परिवर्तन के सक्रिय सहभागी बनें। कार्यक्रम में युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी विशेष रूप से देखने योग्य मिली। स्वयंसेवकों ने न केवल श्रमदान किया, बल्कि आमजन को स्वच्छता, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा और सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व के प्रति भी जागरूक किया। इस दौरान यह भी बताया गया कि स्पोर्ट्स क्लब जैसे सार्वजनिक स्थल युवाओं के भविष्य से जुड़े होते हैं, इसलिए इनकी स्वच्छता और सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। स्थानीय नागरिकों एवं उपस्थित जनों ने इस पहल की खुले दिल से सराहना की। उनका कहना था कि ऐसे अभियानों से समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना विकसित होती है। यह कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली सामाजिक प्रक्रिया है। गिलहरी अभियान एक छोटा सा प्रयास फाउंडेशन निरंतर समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। यह श्रमदान कार्यक्रम उसी निरंतर प्रयास की एक सशक्त कड़ी रहा, जिसने समाज को यह संदेश दिया कि सेवा से संस्कार बनते हैं, संस्कार से समाज सशक्त होता है और सशक्त समाज से राष्ट्र मजबूत बनता है। यह श्रमदान कार्यक्रम केवल एक सफाई अभियान नहीं, बल्कि सोच बदलने की एक सार्थक पहल था। गिलहरी अभियान के सदस्यों का मानना है कि जब नीयत साफ हो और प्रयास सच्चे हों, तो छोटा सा कदम भी बड़ा बदलाव ला सकता है। इस अभियान में महेश पटवा,भागीरथ पटेल,सुजीत कुशवाह,लखनदास बैरागी,अजय प्रभाकर,नीता शर्मा,अदिति नेमा,भूमि नेमा,साक्षी साहू,जेबा खान,प्रिया सेन,रणधीर,खुशहाल सिंह,केशर दीदी,विनीत दीदी,विष्णु दीदी,मुन्नी दीदी,राजकुमारी दीदी सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### *रचनात्मक व सामाजिक कार्यों में निभाती है आग्रणी भूमिका*

*शहर की वरिष्ठ समाजसेविका शिक्षाविद एंव प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की वरिष्ठ नैत्री श्रीमति श्वेता आंनद त्यागी ने सदैव शिक्षा के क्षेत्र में अपने निजी कॉलेज व स्कूल के माध्यम से गरीब छात्रों को निशुल्क पढाई व समय समय पर छात्रों को अध्ययन करने में मदद के साथ कपडें व ड्रेसो का वितरण कर शिक्षा क्षेत्र छात्रों को आगृणी भूमिका निभाते हुए वह देश व प्रदेश में संस्था का नाम बडें पदो पर कर रहें है। इसी तरह खेल गतिविधियों सहित बालिकाओं के लिए विभिन्न शिविरो के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमो व गिलहरी अभियान एक छोटा सा प्रयास फाउंडेशन व अन्य सामाजिक संस्थाओं के मंचो के माध्यम से शहरवासियो को तरह तरह प्रशिक्षण व कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहें है।*

**न्यायालय अपर आयुक्त भोपाल संभाग, भोपाल**

प्रकरण क्र. 0887/अपील/2024-25
भोपाल दिनांक 23/01/2026
दसोदा बाई पत्नी श्री हीरालाल लोधी
निवासी- ग्राम बागरी तहसील व जिला विदिशा
विरूद्ध
काशीराम पुत्र श्री गोपीलाल लोधी व अन्य
निवासी- ग्राम अनबई तहसील त्योंदा जिला विदिशा

:: सूचना पत्र ::

1. काशीराम पुत्र श्री गोपीलाल लोधी
निवासी- ग्राम अनबई तहसील त्योंदा जिला विदिशा
2. भारत सिंह पुत्र श्री पूरनसिंह लोधी
निवासी- अशोका गार्डन भोपाल

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी दसोदा बाई पत्नी श्री हीरालाल लोधी निवासी ग्राम बागरी तहसील व जिला विदिशा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील बासौदा जिला विदिशा के अपील प्रकरण क्रमांक 0096/अपील / 2024-25 में पारित आदेश दिनांक 06.12.2024 के विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई है। अतः इस न्यायालय में दिनांक 13.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उक्त प्रकरण से संबंधित अभिलेख सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित हो । अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध विधिवत एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह सूचना पत्र आज दिनांक 23.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**(शिवराज सिंह वर्मा)**
अपर आयुक्त भोपाल संभाग, भोपाल


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाऐं
संजीव गुर्जर
वरिष्ट भाजपा नेता


समस्त क्षेत्रवासियों को
26
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाऐं
सौजन्य से-डॉ. सुरेन्द्र उपाध्याय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता-सिरोंज



समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाऐं
सौजन्य से-वीरेन्द्र पालीवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता


26 January
गणतंत्र दिवस
सौजन्य से-शोएब खान
जिलाध्यक्ष मुस्लिम महासभा



समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाऐं
कमलेश कुशवाह
वरिष्ट समाजसेवी


समस्त क्षेत्रवासियों को
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
डायरेक्टर/प्राचार्य
नीलेश प्रजापति
मो. 8269012144
SUNRISE CONVENT SCHOOL SIYALPUR
सनराइज कॉन्वेंट स्कूल
सियलपुर (पथरिया)
डायरेक्टर
इंसाफ खान
मो. 9589375775


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश यादव
ब्लाक अध्यक्ष,
कांग्रेस कमेटी सिरोंज
सेफू खान
नगर अध्यक्ष,
कांग्रेस कमेटी सिरोंज
अर्जुन राजपूत
अध्यक्ष,मंडल देवपुर
कांग्रेस कमेटी सिरोंज


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य से-रामदयाल विश्वकर्मा, पार्षद वार्ड नं. 01 सिरोंज


TECHNO GLOBAL UNIVERSITY SIRONJ
(University Established By M.P Legislature Act
& Approved By: UGC & NCTE)
techno global university
Madhya Pradesh
B.Ed.
B.Sc.
(Agriculture)
BBA
MBA
स्कॉलरशिप
सुविधा उपलब्ध
77th
Happy Republic Day
office@technoglobaluniversitysironjmp.com
www.technoglobaluniversitysironjmp.com
Near Govt. Polytechnic College Lateri Road, Sironj, Dist. Vidisha (M.P)
Admission Helpline
9425000084, 9425653330


मनमोहन साहू
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सिरोंज
मनोज सांईनाथ
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सिरोंज
रामप्रकाश साहू
सी.एम.ओ.
नगर पालिका परिषद सिरोंज
विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृव में
स्वच्छता सर्वेक्षण में विगत वर्ष पूर्व नगर पालिका ने शानदार
प्रदर्शन कर जिले में प्राप्त किया प्रथम स्थान
शहर में अमृत योजना अंतर्गत नपा घर -घर पहुचाएगी पानी,
करोड़ो की लागत से शहर में पाइपलाइन दुरूस्त कर
व पाइपलाइन डालकर घर -घर पहुचाया जाएगा शुद्ध पानी
शहर के चारों ओर नाला निर्माण को विशेष महत्वता देकर
मंडी वायपास , लिंक रोड सहित अन्य स्थानों पर किया
जा रहा नाला निर्माण कार्य
1. श्री रामदयाल विश्वकर्मा, 2. श्रीमति रीना-सचिन शर्मा, 3. श्री हरिचरण अहिरवार
4. श्री नदीम खां, उर्फ नदू भाई, 5. श्री अजमल शेर खां, 6. श्री मो. फहीम खां
7. श्रीमति संगीता-संतोष यादव, 8. श्रीमति नुसरत जहां-मो. खालिद
9. श्रीमति शाति-जयनारायण सेन, 10. श्रीमति आरती-राजेन्द्र सह कुशवाह
11. श्रीमति माधुरी-धर्मेन्द्र जैन, 12. श्रीमति विनीता-रूपेश यादव
13. श्रीमति रजनी-संजय सोनी, 14. श्री इमरान कुरैशी, 15. श्रीमति अंजनी-तोषमणी पंथी
16. श्रीमति ष्णा-टीकाराम शाक्य, 17. श्रीमति वर्षा-बलजीत यादव
18. श्री फारूखा असलम गौरी, 19. श्रीमति आमना बी-राजा मियां
20. श्री रमेश यादव (विधायक प्रतिनिधि)

## जिलेभर में यूजीसी एक्ट का हो रहा विरोध, बताया काला कानून

# 'यूजीसी अधिनियम' को लेकर सवर्णों ने खुद को जंजीर से बांधकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

केंद्र सरकार द्वारा लागू किया विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एक्ट को निरस्त करने की मांग को लेकर सवर्ण समाज ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सागर-भोपाल तिराहे से तहसील कार्यालय के सामने तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे, जहां जमकर नारेबाजी की गई।

प्रदर्शन के दौरान केंद्र की मोदी सरकार से इस कानून को वापस लेने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने इसे "काला कानून" बताते हुए कहा कि यह उच्च शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक संतुलन के खिलाफ है। इसके बाद सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंपकर कानून निरस्त करने की मांग रखी।

### भारत बंद का किया आव्हान

सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संघर्ष शर्मा ने यूजीसी को काला कानून बताया है। उन्होंने बताया कि आगामी एक मार्च सोमवार को सवर्ण समाज के बेनर तले भारत बंद के साथ जिले के बाजार बंद रहेंगे। बंद को पूर्णतः समर्थन करनी सेना ब्राह्मण, कायस्थ, अग्रवाल गुप्ता समाज का मिल रहा है।

### जंजीर बांधकर किया विरोध प्रदर्शन...

इस अनूठे विरोध प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने गले और शरीर पर लोहे की जंजीर लपेटकर शामिल हुए। सड़कों पर जंजीरों में जकड़े युवाओं को देखकर राहगीर भी आश्चर्यचकित रह गए। युवाओं ने कहा कि यह प्रतीकात्मक विरोध है, जो सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए किया गया।







## सर्वण समाज के लोगों द्वारा यूजीसी नियमों का पुरजोर विरोध

### रैली, नारेबाजी के साथ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बरेली।** विश्व विद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा नये नियमों को लागू प्रस्ताविक किए जाने का सर्वण समाज के विभिन्न संगठनों, संस्थाओं द्वारा विरोध करते हुए। नगर में नारेवाजी करते हुए रैली निकाली गई। एसडीएम कार्यालय पहुंच कर भारत के प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के नाम सोंपे ज्ञापन में यूजीसी को वापिस लेने की मांग की गई।


ज्ञापन में शैक्षणिक अधिकारों की रक्षा एवं शिक्षा में समाज अवसर सुनश्चित किए जाने में यूजीसी के नये नियमों प्रबंधकों से छात्रों पर शैक्षणिक एवं मानसिक दबाव असहनीय स्तर तक बढ़ता जा रहा है।

ज्ञापन में सर्वण समाज के मैधावी एवं आथक रूप से कमजोर छात्रों एवं अन्य वर्ग के छात्रों के लिए समान अवसर सीमित होने का आरोप लगाया। यूजीसी के नए प्रावधानों को संविधान के अनुच्छेद 14 समानता का अधिकार अनुच्छेद 15 भेदभाव निशेध तथा अनुच्छेद 21ए मूल भावना पर आधारित होना चाहिए। करणी सेना, रघुवंशी समाज संगठन, परशुराम सैना, आदर्श युवा पुरविया राजपूत समाज संगठनों के पदाधिकारियों सचिन राजपूत, रविन्द्र रघुवंशी, मनमोहन शर्मा, जगदीश ठाकुर, विनोद तिर्पाठी, नरेन्द्र रघुवंशी, संग्राम सिंह राजपूत, संजय शर्मा, राधेश्याम पालीवाल, कैलाश शर्मा, नीलेश शर्मा, चौधरी भूपेन्द्र सिंह, आचार्य रजनीश, शिवम ठाकुर, भवानी सिंह राजपूत, सहित भारी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही।

# अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम काटने पर बवाल, जांच की मांग

### तहसील पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, कांग्रेस व अल्पसंख्यकों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



एसआईआर प्रक्रिया के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं के नामों पर दर्ज आपत्तियों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। अल्पसंख्यक समाज एवं कांग्रेस नेताओं पार्टी कार्यकर्ताओं ने चिंतामन चौराहे से रैली निकालते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन अधिकारी भोजपुर विस के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत कुछ राजनीतिक दलों द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के नामों पर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। जबकि संबंधित मतदाता बीते कई वर्षों से नगर एवं वार्ड में विधिवत निवासरत हैं और उनके नाम वैधानिक रूप से मतदाता सूची में दर्ज हैं। मतदाता सूची के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि दर्ज की गई आपत्तियां तथ्यहीन और दुर्भावनापूर्ण हैं।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बिना तथ्यों की जांच किए आपत्तियां दर्ज कराई जा रही हैं। यहां तक कि नगर परिषद बाड़ी के गठन के बाद वर्ष 1984 में वार्ड क्रमांक 3 से निर्वाचित पार्षद रहे इमदाद अली के नाम पर भी आपत्ति दर्ज की गई है, जो अपने आप में गंभीर मामला है।

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बाड़ी इरफान दुर्रानी का नाम भी मतदाता सूची से काटे जाने की चर्चा चल रही है। इसके अलावा नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरेश पाल, राजेश मालवीय राज ठाकुर द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे जाने पर आपत्ति दर्ज कराई है।

ज्ञापन में मांग की गई कि सभी आपत्तियों की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विधिसम्मत जांच कराई जाए। जो आपत्तियां तथ्यात्मक रूप से सही पाई जाएं। उन पर नियमानुसार कार्रवाई हो। इस दौरान बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समाज के लोग एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रात में बरसा मावठा रुपी अमृत, किसानों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

बीते कुछ दिनो से आसमान पर लगातार आसमान पर छा रहे बादल अंततः मंगलवार-बुधवार की रात कड़ाके की आवाज के साथ बरस गए। करीब 2 घंटे तक क्षेत्र में मावठें की बरसात जारी रही। मंगलवार की देर रात से बुधवार की सुबह तक नगर सहित आसपास के क्षेत्र में इंद्र दवता ने अमृत वर्षा कर दी। लगभग दो घंटे तक हवा और बिजली की चमक के साथ जोरदार बारिश होने से मौसम पूरी तरह परिवर्तित हो गया। बारिश को फसलों के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। खाद एवं यूरिया की समस्या से जूझ रहे किसानों के लिए मंगलवार की रात्रि लगभग 1 बजे से प्रारंभ हुई बारिश बुधवार की सुबह तक अमृतवर्षा ने कुछ हद तक राहत का काम किया है।


## खुरई नगर पालिका को मिला उत्कृष्ट कार्य का सम्मान डिप्टी सीएम ने सीएमओ मेहतेले को प्रशस्ति पत्र दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुरई

खुरई नगर पालिका को सागर जिले में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। गणतंत्र दिवस पर सागर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सीएमओ राजेश मेहतेले को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

यह सम्मान नागरिक सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रशासनिक दक्षता के लिए दिया गया। नगर पालिका ने सतत विकास के क्षेत्र में भी सराहनीय प्रयास किए हैं। जिले में इसके कार्यों को अनुकरणीय माना गया है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे नगर पालिका परिवार की संयुक्त मेहनत, समन्वय और टीम भावना का परिणाम है। सभी ने अपने दायित्वों का निष्ठा और प्रतिबद्धता से निर्वहन किया, जिससे यह सफलता मिली।



मेहतेले ने बताया कि विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, स्वच्छता अभियान, नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और पारदर्शी प्रशासनिक कार्य प्रणाली ने शासन का विश्वास जीता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रशस्ति पत्र भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा।

### थैलेसीमिया एवं सिकल सेल एनीमिया की जांच सुविधा शुरू


**सागर।** बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. पी. एस. ठाकुर द्वारा पैथोलॉजी विभाग के अंतर्गत हाई परफॉरमेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी मशीन का शुभारंभ किया गया। इस मशीन के माध्यम से अब जिले एवं संभाग के मरीजों को थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया एवं अन्य प्रकार के हीमोग्लोबिन विकारों की सटीक जाँच बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में ही निःशुल्क उपलब्ध होगी। गौरतलब है कि बाजार में इस जाँच का मूल्य 1000 रुपये से 1500 रुपये के बीच है। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेश जैन, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अमर गंगवानी एवं मीडिया प्रभारी डॉ. सौरभ जैन सहित विभाग के समस्त चिकित्सक, तकनीशियन एवं एच.ए.सी.एल. के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अमर गंगवानी ने बताया कि इस मशीन द्वारा हीमोग्लोबिन की कमी वाले बच्चों एवं गर्भवतियों को सुविधा होगी।

# स्व. नवीन जैन की स्मृति में आयोजित हुआ टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

नगर के समाजसेवी स्व. नवीन जैन के स्मृति में ग्राम समनापुर कलां में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा उपस्थित रहे।

आरएसएस 11 और सिद्धार्थ 11 के बीच 7/7 ओवर का मुकाबला हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए सिद्धार्थ 11 ने आरएसएस 11 के घातक गेंदबाजी के सामने मात्र 56 रन बना पाई। आरएसएस 11 की जीत एक तरफ लग रही थी, लेकिन सिद्धार्थ 11 के गेंदबाजों ने घातक गेंदबाजी करते हुए आखरी ओवर में खेल में आरएसएस 11 को आल आउट कर खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 41000 रोहित नवीन जैन ने दिया, उपविजेता टीम को 21000 संजय कलावत जनपद सदस्य एवं राजेश पटेल पटेल एग्रो ने दिया। वहीं तीसरे स्थान पर 11000 श्रीमति कलाबाई मुकेश सरपंच समनापुर कलां ने दिया एवं चतुर्थ स्थान पर 5100 रामस्वरूप गौर अध्यक्ष करीला मंदिर भानपुर ने दिया।




मेन ऑफ द सीरीज उजैर कुरैशी सौजन्य से साहब सिंह पटेल समनापुर कलां, बेस्ट बल्लेबाज राजा अहमद सौजन्य से नैन्सी व्हीकल देवेंद्र गौर समनापुर कलां, बेस्ट बोलर चंद्रशेखर गौर हासे स्कूल प्राचार्य संतोष मालवीय समनापुर कलां ने दिया।

इस दौरान समिति सदस्य रोहित जैन, नीलेश रजक, अरविंद कलावत, हरिश्चंद विश्वकर्मा, दुर्गेश विश्वकर्मा, राहुल पटेल, नीलेश गौर, अमित आर्य, वीरेंद्र गौर, अंकित गौर, माधो गौर, ब्रजमोहन साहू दिनेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### बोर्ड परीक्षाओं को लेकर साइलेंस जोन घोषित

**रायसेन।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी, हाईस्कूल तथा अन्य परीक्षाएं वर्ष 2026 की 7 एवं 11 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। इस दौरान जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित उपयोग से छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक कार्य प्रभावित ना हो, इस दृष्टि से लोकहित में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मनोज उपाध्याय द्वारा मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के अंतर्गत रायसेन जिले के संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में साइलेंस जोन घोषित किया गया है। इस दौरान विहित प्राधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा।

आदेश के तहत जिले में पदस्थ खंड स्तर पर अनुविभागीय दंडाधिकारी/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को उनके क्षेत्र अंतर्गत में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत विहित प्राधिकारी घोषित किया हैं। आम सभा, जुलूस प्रचार एवं अन्य कार्य के लिए लाउडस्पीकर की अनुमति प्रातः 6 से रात्रि 10 बजे तक रहेगी।

## नप अध्यक्ष ने किया झंडा वंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर परिषद कार्यालय में नप अध्यक्ष पप्पू रेवाराम द्वारा झंडा वंदन किया। इस मौके पर सभी पार्षद और कर्मचारी मौजूद रहे। इसके उपरांत सुबह 9 बजे श्रीरामलीला मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों का मन मोह लिया। वहीं नगर में प्रभात फेरी निकल गई।

## गणतंत्र दिवस पर लहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, संस्था प्रमुखों ने किया झंडा वंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में भारी उत्साह उमंग के साथ 77 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने, एसडीएम कार्यालय में एसडीएम संतोष मुदगल ने, जिला सहकारी बैंक में शाखा प्रबंधक आनंद आचार्य द्वारा झंडा बंदन किया।

नगर के डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल में संचालक कौशल रघुवंशी ने, सर्वोदय हा.से. स्कूल में संचालक राघवेंद्र राजपूत ने, गुरुकुल स्कूल में संचालक प्रशांत राठी, पूजा पब्लिक स्कूल में संचालक श्रीमति नीता धाकड़ ने, मानिक लाल नाहर हा.से. स्कूल में संचालक अर्चना नाहर द्वारा, सरस्वती शिशु मंदिर में समिति अध्यक्ष मनोज शांडिल्य ने नर्मदा वैली हा.से. स्कूल में संचालक हारेंद्र, महेंद्र रघुवंशी द्वारा कृषि उपज मंडी में प्रशासक संतोष मुदगल के द्वारा, शासकीय बालक हा.से. में प्राचार्य केके वाणी द्वारा, शासकीय कन्या हा.से. में प्राचार्य यूएस अहिरवार द्वारा झंडा बंदन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई।




शिक्षण सस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को संविधान की जानकारियां देते हुए संविधान में मिले नागरिक अधिकारों की जानकारियों दी गई।

### समारोह में नप अध्यक्ष ने ली परेड की सलामी

**बरेली।** नगर के हाकी दशहरा मैदान पर गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि न.प. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने ध्वजारोहण कर स्कूली छात्र-छात्राओं की परेड की सलामी लेने के साथ मुख्यमंत्री संदेश का वाचन किया।

समारोह के दौरान नगर के प्रतिभाशाली छात्रों, खिलाडिय़ों, पत्रकारों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस, राजस्व, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। लगभग 4 घंटों तक चले गणतंत्र दिवस समारोह में हजारों छात्र-छात्राओं नागरिकों की उपस्थिति रही।

गणतंत्र दिवस के समारोह में जहां दर्जनों स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने परेड में भाग लिया। गुरुकुल स्कूल, डेफोडिल्स स्कूल के छात्र बैंड के साथ सम्मानित हुए। नगर के 14 शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत के साथ प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा उपस्थिति हजारों दर्शकों का मनमोह लिया।

## सांसद खेल महोत्सव का 1-2 फरवरी को स्टेडियम में होगा समापन

# खेल महोत्सव के समापन अवसर पर रविंद्र जडेजा होंगे मुख्य अतिथि

### भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस का हुआ आयोजन, जनप्रतिनिधियों ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन समारोह आगामी 1 और 2 फरवरी को रायसेन के खेल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर बुधवार को भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, विदिशा पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश जादौन, रवि मालवीय सीहोर, उपाध्याय राकेश तोमर सहित मीडिया प्रभारी सीएल गौर उपस्थित रहे।

विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने सहभागिता की है और अब दो दिवसीय समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। पूरे भारत देश में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया, जिससे खेल प्रतिभाएं उभर कर सामने आई हैं। सीहोर, देवास, रायसेन, विदिशा जिले की सभी आठों विधानसभाओं से खिलाड़ी शामिल हुए।




प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि समापन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी, खिलाड़ी और आमजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### खेल भावना को मिलेगा बढ़ावा : राकेश शर्मा

भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि खेल महोत्सव युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने मीडियाकर्मियों के प्रति आभार प्रकट किया।




इस समापन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर रविन्द्र जडेजा भी शिरकत करेंगे। बच्चे युवा नई पीढ़ी खेलों से जुड़कर दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। खेल महोत्सव रंगारंग गरिमामय उत्सव खेल स्टेडियम में होगा। खेलों का समापन दो फरवरी को भव्य स्तर पर समापन किया जाएगा।

## अंबाड़ी की बेटी ने बढ़ाया मान, दिल्ली परेड में हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम अंबाडी की एक होनहार बेटी कुमारी दामिनी विश्वकर्मा पुत्री संतोष विश्वकर्मा ने गणतंत्र दिवस पर राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परेड में भाग लेकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बेटी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से गांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है।




बताया जा रहा है कि गणतंत्र दिवस पर आयोजित भव्य परेड में देशभर से चुने गए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं कैडेट्स को शामिल होने का अवसर मिला था, जिसमें अंबाडी गांव की बेटी भी चयनित होकर दिल्ली पहुंची और राष्ट्रीय मंच पर जिले व प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक/146 / निविदा/2026 — सिरोंज दिनांक-20/01/2026

**ई-टेंडर आमंत्रण सूचना**

नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| टेंडर क्रमाक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि रू | ऑनलाईन निविदा का प्रपत्र मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2025_UAD _461639_1 | नगरीय क्षेत्र में पुताई कार्य | 10,00,000 | 10,000 | 2000 | 2025-26 |

शर्त - टेंडर डाक्यूमेंट के आधार पर निर्धारित सभी कर एवं शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. कटौत्रा किया जावेगा।
निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://mptenders.gov.in एवं नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा के लोक निर्माण विभाग शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिरोंज**